रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
+ भारत का मानचित्र
No. of printed pages : 7
+ Map of India

**110** **410(IRF)**

# 2026

# इतिहास

# HISTORY

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**Time : 3 Hours ]** **[ Max. Marks : 80**

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 25 प्रश्न हैं। **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**Directions :** There are in all 25 questions in this question paper. **All** questions are **compulsory**.

(ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
Marks allotted to the questions are mentioned against them.

(iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।
Read each question carefully and answer to the point.

(iv) प्रश्न संख्या 1 बहुविकल्पीय प्रश्न है। इस प्रश्न के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। प्रश्न संख्या 2 से 7 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न हैं।
Question No.1 is multiple choice question. Four options are given in answer of each part of this question. Write correct option in your answer book. Question No. 2 to 7 are definite answer type questions.

(v) प्रश्न संख्या 8 से 11 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए।
Question No. 8 to 11 are to be answered in about 50 words each.

(vi) प्रश्न संख्या 12 से 18 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 125 शब्दों में दीजिए।
Question No. 12 to 18 are to be answered in about 125 words each.

(vii) प्रश्न संख्या 19 से 23 तक प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।
Question No. 19 to 23 are to be answered in about 250 words each.

(viii) प्रश्न संख्या 24 केस/स्रोत आधारित प्रश्न है, जिसका उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।
Question No. 24 is Case/Source based question, to be answered as directed.

(ix) प्रश्न संख्या 25 से संबंधित मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका में संलग्न कीजिए।
Attach the map related to Question No. 25 in your answer-book.

(x) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।
There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

1. (क) मोहनजोदड़ो किस नदी के किनारे स्थित है- 1

(i) चिनाब नदी (ii) झेलम नदी

(iii) सिन्धु नदी (iv) रावी नदी

Mohenjodaro is situated on the banks of which river-

(i) Chenab River (ii) Jhelum River

(iii) Indus River (iv) Ravi River

(ख) 'उत्तराध्ययन सूत्र' ग्रंथ किस धर्म से संबंधित है- 1

(i) बौद्ध धर्म (ii) जैन धर्म

(iii) वैदिक धर्म (iv) पारसी धर्म

'Uttaradhyayana Sutra' is related to which religion-

(i) Buddhism (ii) Jainism

(iii) Vedic (iv) Zoroastrianism

(ग) असोक द्वारा जीते गए कलिंग राज्य का आधुनिक नाम मुख्यतः क्या है? 1

(i) ओडिशा (ii) कर्नाटक

(iii) बिहार (iv) केरल

The modern name for the Kalinga Kingdom conquered by Asoka is mainly-

(i) Odisha (ii) Karnataka

(iii) Bihar (iv) Kerala

(घ) निम्न में से कौन बौद्ध मठों में रहने वाले लोगों के लिये नियमों का संग्रह था- 1

(i) सुत्त पिटक (ii) विनय पिटक

(iii) अभिधम्म पिटक (iv) इनमें से कोई नहीं

Which one of the following included rules and regulations for those who joined the monastic order -

(i) Sutta Pitaka (ii) Vinaya Pitaka

(iii) Abhidhamma Pitaka (iv) None of these

(ङ) इब्न बतूता ने अपने यात्रा वृतांत में दिल्ली सल्तनत के किस शासक का उल्लेख किया है- 1

(i) ग्यासुद्दीन तुगलक (ii) मुहम्मद बिन तुगलक

(iii) फिरोज शाह तुगलक (iv) अल्लाउद्दीन खिलजी

Which ruler of the Delhi Sultanate did Ibn Battuta mention in his Travelogue-

(i) Ghyasuddin Tughlaq (ii) Muhammad-Bin Tughlaq

(iii) Firoz Shah Tughlaq (iv) Allauddin Khilji

(च) भारत में स्थायी बंदोबस्त व्यवस्था का प्रवर्तक था- 1

(i) लार्ड वारेन हेस्टिंग्स (ii) लार्ड विलियम बैंटिक

(iii) लार्ड क्लाइव (iv) लार्ड कार्नवालिस

The originator of Permanent Settlement System in India was-

(i) Lord Warren Hastings (ii) Lord William Bantick

(iii) Lord Clive (iv) Lord Cornwallis

(छ) हरिहर और बुक्का द्वारा स्थापित साम्राज्य था- 1

(i) मौर्य साम्राज्य (ii) गुप्त साम्राज्य

(iii) मुगल साम्राज्य (iv) विजयनगर साम्राज्य

The Empire founded by Harihara and Bukka was-

(i) Mauryan Empire (ii) Gupta Empire

(iii) Mughal Empire (iv) Vijayanagara Empire

(ज) 'खूब लड़ी मर्दानी वो तो झाँसी वाली रानी थी'। ये पंक्तियाँ किसने लिखी- 1

(i) रानी लक्ष्मीबाई (ii) महादेवी वर्मा

(iii) सुभद्रा कुमारी चौहान (iv) कमलादेवी चट्टोपाध्याय

'Khoob lari mardani woh to Jhansi wali rani thi'. Who wrote these lines-

(i) Rani Lakshmi Bai (ii) Mahadevi Verma

(iii) Subhadra Kumari Chauhan (iv) Kamladevi Chattopadhyay

**निर्देश :** प्रश्न संख्या-1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

**Direction :** In next two parts of Question No.-1, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R).** From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select their correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।
A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।
Both A and R are incorrect.

(झ) **अभिकथन (A) :** संथालों को जमीनें देकर राजमहल की तलहटी में बसने के लिए तैयार कर लिया गया।

**कारण (R) :** अंग्रेज संथालों के बसने के लिए इसे उपयुक्त/आदर्श मानते थे। 1

**Assertion (A):** The Santhals were given land and persuaded to settle in the foothills of Rajmahal.

**Reason (R) :** The British considered it suitable/ideal for the settlement of Santhals.

(ञ) **अभिकथन (A) :** पुरातत्वविदों और इतिहासकारों को हड़प्पा की लिपि गूढ़ लगती है।

**कारण (R) :** हड़प्पा की लिपि आज तक अस्पष्ट है। 1

**Assertion (A) :** Archaeologists and Historians find the Harappan Script mysterious.

**Reason (R) :** The Harappan Script remains undeciphered to this day.

2. सिन्धु घाटी सभ्यता में ताँबे के साक्ष्य कहाँ से प्राप्त हुए हैं? 1

Where have the evidences of Copper been found in the Indus Valley Civilisation?

3. 'सहायक संधि लार्ड डलहौजी द्वारा 1798 में तैयार की गयी एक व्यवस्था थी', यह कथन सत्य है या असत्य? 1

'Subsidiary Alliance was a system devised by Lord Dalhousie'. Is this statement True or False?

4. मीराबाई के गुरू का नाम बताइये। 1

Name the preceptor of Mirabai.

5. प्रसिद्ध ऐतिहासिक पुस्तक 'ट्रैवल्स इन द मुगल एम्पायर' किसने लिखी है? 1

Who wrote the famous historical book 'Travels in the Mughal Empire'?

6. खिलाफत आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था? 1

Who led the Khilafat movement?

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-

Fill in the blank-

7. 'प्रयाग प्रशस्ति' की रचना सम्राट समुद्रगुप्त के राजकवि ............. ने संस्कृत में की थी। 1

'Prayaga Prashasti' was composed in Sanskrit by the ________, the court poet of emperor Samudragupta.

8. 'बहिर्विवाह पद्धति' से क्या अभिप्राय है? स्पष्ट कीजिए। 2

What is meant by 'Exogamy system'? Clarify.

9. 'अमर-नायक' प्रणाली का अर्थ समझाइये। 2

Explain the meaning of the 'amara-nayaka' system.

10. 'जलियाँवाला बाग' हत्याकाण्ड पर टिप्पणी लिखिए। 2

Write a note on the 'Jallianwala Bagh' massacre.

11. राष्ट्रीय आन्दोलन में समाचार पत्रों (अखबारों) की भूमिका का उल्लेख करिये। 2

Mention the role of newspapers in the National Movement.

12. गुप्तकाल में धर्म से जुड़ी वास्तु एवं मूर्ति कलाकृतियों का उल्लेख कीजिए। 3

Mention the architectural and sculptural work related to religion during the Gupta Period.

**अथवा / OR**

हड़प्पा सभ्यता की नगर योजना की विलक्षणताओं या विशेषताओं का वर्णन करिये।

Describe the peculiarities or features of the town planning of the Harappan Civilization.

13. उन साक्ष्यों का संक्षिप्त उल्लेख कीजिए जो यह दर्शाते हैं कि बन्धुत्व एवं विवाह संबंधी ब्राह्मणीय नियमों का सर्वत्र अनुसरण नहीं होता था। 3

Briefly mention the evidence which shows that the Brahmanical rules regarding kinship and marriage were not universally followed.

14. जाति-प्रथा के सम्बन्ध में अल-बिरूनी की व्याख्या पर चर्चा कीजिए। 3

Discuss Al-Biruni's interpretation of the Caste System.

15. आपके विचारों में महानवमी डिब्बा से संबद्ध अनुष्ठानों का क्या महत्व था? 3

In your opinions what was the significance of the rituals associated to 'Mahanavami Dibba'?

16. कर्नाटक की वीरशैव परम्परा पर प्रकाश डालिये। 3

Throw light on the Virashaiva Tradition of Karnataka.

**अथवा / OR**

ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती और उनकी दरगाह (अजमेर) का महत्व बताइये।

Give importance of Khwaja Muinuddin Chishti and his Dargah (Ajmer).

17. दूसरे गोल मेज सम्मेलन में हुयी वार्ता से कोई नतीजा क्यों नहीं निकल पाया? स्पष्ट कीजिए। 3

Why were the dialogues at the second Round Table Conference inconclusive? Clarify.

**अथवा / OR**

महात्मा गाँधी नमक कर को अन्य करों की तुलना में अधिक दमनात्मक मानते थे, क्यों?

Mahatma Gandhi considered the salt tax more oppressive than other taxes, why?

18. इस्तमरारी बन्दोबस्त तथा रैयतवाड़ी बन्दोबस्त की तुलनात्मक चर्चा कीजिए। 3

Discuss the Permanent Settlement and Ryotwari Settlement comparatively.

19. संविधान सभा में किन छह सदस्यों की भूमिका महत्वपूर्ण रही और उन्होंने किस प्रकार अपना योगदान दिया? चर्चा कीजिये। 5

Which six members played particularly important roles in Constituent Assembly and how they contribute? Discuss.

**अथवा / OR**

संविधान सभा में दमित जातियों के अधिकारों के लिए विशेष प्रावधानों को लेकर क्या-क्या बहसें हुयीं और उनका समाधान कैसे किया गया?

What debates took place regarding special provisions for the rights of dispressed castes in the Constituent Assembly and how were they resolved?

20. संत कबीर एवं गुरू नानक के मुख्य उपदेशों का वर्णन कीजिए। इन उपदेशों का जनमानस पर कैसे प्रभाव पड़ा? 5

Describe the main teachings of Saint Kabir and Guru Nanak. How did these teachings impact the public?

**अथवा / OR**

'जमीन से मिलने वाला राजस्व मुगल साम्राज्य की आर्थिक बुनियाद था।' इस कथन के आधार पर मुगलों की भू-राजस्व प्रणाली को समझाइये।

'Revenue from the land was the economic mainstay of the Mughal Empire.' On the basis of this statement, explain the land revenue system of the Mughals.

21. छठी शताब्दी ई.पू. में मगध के उत्पत्ति के कारणों की व्याख्या कीजिए। उन तथ्यों की चर्चा कीजिए जिनके कारण मगध एक शक्तिशाली राज्य के रूप में विकसित हुआ। 5

Explain the reason for the emergence of Magadha in the sixth century B.C. Discuss the facts that led to the development of Magadha as a powerful state.

22. 1857 ई. की क्रांति भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम था। इस स्वतंत्रता संग्राम के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं तात्कालिक कारणों की व्याख्या कीजिए। 5

The Revolution of 1857 was India's first war of Independence. Describe the social, economic, political and immediate causes of this war of Independence.

23. हड़प्पा समाज में शिल्प उत्पादन के लिए आवश्यक कच्चे माल की सूची बनाइए तथा चर्चा कीजिए कि ये किस प्रकार प्राप्त किए जाते होंगे। 5

List the raw materials required for craft production in the Harappan Society and discuss how these might have been obtained.

**अथवा / OR**

कला, शिल्प और तकनीक के क्षेत्र में हड़प्पा के लोगों की उपलब्धियों का विवरण दीजिए।

Describe the achievements of the Harappan People in the fields of Art, Craft and Technology.

24. **निम्नलिखित उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा इसके नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

कृष्णदेव राय द्वारा बनवाए गये जलाशय के विषय में पेस लिखता है-

राजा ने एक जलाशय बनवाया.....दो पहाड़ियों के मुख-विबर पर जिससे दोनों में से किसी पहाड़ी से आने वाला सारा जल वहाँ इकट्ठा हो, इसके अलावा जल 9 मील (लगभग 15 किमी.) से भी अधिक की दूरी से पाइपों से आता है जो बाहरी श्रृंखला के निचले हिस्से के साथ-साथ बनाए गये थे। यह जल एक झील से लाया जाता है जो छलकाव से खुद एक छोटी नदी में मिलती है। जलाशय में तीन विशाल स्तम्भ बने हैं जिन पर खूबसूरती से चित्र उकेरे गये हैं; ये ऊपरी भाग में कुछ पाइपों से जुड़े हुए हैं जिनसे ये अपने बगीचों तथा धान के खेतों की सिंचाई के पानी लाते हैं। इस जलाशय को बनाने के लिए इस राजा ने एक पूरी पहाड़ी को तुड़वा दिया.......जलाशय में मैंने इतने लोगों को कार्य करते देखा कि वहाँ पन्द्रह से बीस हजार आदमी थे, चीटियों की तरह..........

(i) कृष्णदेव राय द्वारा क्यों और कहाँ जलाशय का निर्माण कराया गया? 1

(ii) जलाशयों का निर्माण किस प्रकार किया गया? स्पष्ट कीजिए। 1

(iii) भग्नावशेषों के बीच बनाई गयी सबसे प्रमुख जल सम्बन्धी संरचनाओं का वर्णन कीजिए तथा यह किसने बनवाई? 2

(iv) पेस के अनुसार जलाशय में कितने लोगों को कार्य करते देखा गया है? 1

**Read the following quotation (extract) carefully and answer the questions given below–**

About a tank constructed by Krishnadeva Raya, Paes wrote:

The king made a tank ...... at the mouth of two hills so that all the water which comes from either one side or the other collects there; and , besides this, water comes to it from more than a miles (approximately 15 kilometres) by pipes which run along the lower parts of the range outside. This water is brought from a lake which itself overflows into a little river. The tank has three large pillars handsomely carved with figures; these connect above with certain pipes by which they get water when they have to irrigate their gardens and rice-fields. In order to make this tank the said king broke down a hill ...... In the tank I saw so many people at work that there must have been fifteen or twenty thousand men, looking like ants.....

(i) Why and where was the tank constructed by Krishnadeva Raya?

(ii) How was the tank constructed? Explain.

(iii) Describe the most prominent water-related structures built among the ruins and who built them?

(iv) According to Paes, what is the number of people observed working at the tank?

25. दिए गए भारत के राजनैतिक रेखा मानचित्र पर ऐतिहासिक महत्व के निम्नलिखित नगरों को अंकित कर उनके नाम भी लिखिए- 5

(i) राखीगढ़ी (ii) अहमदाबाद (iii) नागार्जुनकोंडा

(iv) मैसूर (v) ग्वालियर

On the given political outline map of India, mark the following cities of historical importance and also write their names-

(i) Rakhigarhi (ii) Ahmedabad (iii) Nagarjunakoda

(iv) Mysore (v) Gwalior

**नोट - निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए उपर्युक्त प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर है।**

**Note- The following question is only for the blind candidates in lieu of above Question No. 25.**

भारत के उन राज्यों के नाम लिखिए जहाँ निम्न ऐतिहासिक स्थान स्थित हैं-

(i) राखीगढ़ी (ii) अहमदाबाद (iii) नागार्जुनकोंडा

(iv) मैसूर (v) ग्वालियर

Write the name of those states of India where the following historical places are located–

(i) Rakhigarhi (ii) Ahmedabad (iii) Nagarjunakonda

(iv) Mysore (v) Gwalior

*****